संख्या-10/2015/131/78-1-2015-16आई0टी0/2015

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0एल0सी0, लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 23 फरवरी, 2015

विषय: अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 के अन्तर्गत कर एवं निबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-क0नि0-7-79/11-2012-312(98)-2012 दिनांक 05 दिसम्बर, 2012 के क्रियान्वयन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-यूपीएलसी:आईटीसिटी:7016, दिनांक 02-02-2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूचना प्रौद्योगिक निवेश नीति-2012 में प्राविधानित, स्टैम्प शुल्क से छूट संबंधी प्रोत्साहन कार्यो को सम्पादति कराये जाने हेतु राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन निगम के रूप में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को प्रमाणीकरण संस्था नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा प्रकरण पर विचारोपरान्त औद्योगिक विकास अनुभाग-6 के शासनादेश संख्या-141/77-6-13-15(एम)05, दिनांक 04 जून, 2013 के प्रस्तर-4 के उप प्रस्तर (II) (क) के अनुरूप कार्यो को सम्पादित कराये जाने हेतु राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन निगम के रूप में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को प्रमाणीकरण संस्था नामित किया जाता है।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-10/2015131(1)/78-1-2015 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, लखनऊ।
2- प्रबन्ध निदेशक, यूपी डेस्को, लखनऊ।
3- राज्य समन्वयक, सीईजी, गोमती नगर, लखनऊ।
4- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- निजी सचिव, विशेष सचिव(P/N) आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- औद्योगिक विकास अनुभाग-6
7- कर एवं निबंधन अनुभाग-7
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(हरी राम)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।